एसोटेक-लेमन ट्री होटल्स में करार

नई दिल्ली। सर्विस्ड अपार्टमेंट परियोजना बनाने वाली एसोटेक रियल्टी ने सैंडल सुइट्स उपलब्ध कराने वाले अपने प्रीमियम सेवायुक्त अपार्टमेंट्स के प्रबंधन व परिचालन के लिए लेमन ट्री होटल्स ग्रुप के साथ अपने रणनीतिक गठबंधन की घोषणा की। लेमन ट्री होटल्स ग्रुप भारत में महंगे, मध्यम दर्जे के व किफायती होटल्स की सबसे तेजी से बढ़ रही चेन है। सैंडल सुइट्स के तत्वावधान में पहली परियोजना नोएडा के एस्सोटेक बिजनेस क्रेस्टेरा (एबीसी) में लॉन्च की जाएगी। इन दोनों ही कंपनियों की योजना संयुक्त रूप से लगभग 800-900 करोड़ रुपए के निवेश के साथ अगले 5-7 वर्षों में चरणबद्ध तरीके से इसी तरह की 8-10 परियोजनाएं लॉन्च करने की है।